# अभ्यास

1. डा0 अंबेडकर को व्यक्ति–पूजा कैसी लगती थी?

   (क) अच्छी (ख) नापसंद

   (ग) बहुत अच्छी (घ) पसंद

2. महानता कैसे प्राप्त होती है?

   (क) पूजा करने से (ख) सुंदरता से

   (ग) मेहनत तथा त्याग से (घ) धन से

3. भविष्य के निर्माण के लिए वर्तमान में किस चीज का त्याग करना पड़ता है?

   (क) सुख का (ख) दुःख का

   (ग) सुंदरता का (घ) कष्ट का

4. त्याग और पीड़ा की परवाह किए बगैर किया संघर्ष क्या दिला सकता है?

   (क) पराधीनता (ख) दुःख

   (ग) महानता (घ) सुख–सुविधा

5. निम्नलिखित कथनों का 'हाँ' या 'नहीं' में उत्तर दीजिए–

   (क) कष्ट और पीड़ा शक्ति देती है।

   (ख) भविष्य के निर्माण के लिए अपने वर्तमान सुख का त्याग जरूरी है।

   (ग) अंबेडकर का संदेश संघर्ष और इंकलाब नहीं है।

   (घ) अछूतों को विद्रोह करने ओर प्रतिकार करने की सामूहिक इच्छा–शक्ति में परिवर्द्धन करना चाहिए।

(ड.) संघर्ष की राह में सुख और दुःख की परवाह नहीं करनी चाहिए।

6. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(क) पीड़ा और कष्ट को बर्दाश्त किए बिना..........................हासिल नहीं की जा सकती।

(ख) राजनीतिक नेता को किसी धर्म संस्थापक के स्थान पर स्थापित करना...........................बात है।

(ग) अग्निपरीक्षा से शक्ति................................................है।

(घ) जनतंत्र में व्यक्ति पूजा............................................बात है।

(ड.) डिमेटर .......................................था।

7. व्यक्ति पूजा किसके खिलाफ है?

8. अग्निपरीक्षा में सफल होने के बाद क्या प्राप्त होता है?

9. धर्मसंस्थापक की जगह राजनीतिक नेता को स्थापित करना कैसी बात है?

10. ग्रीक देवता डिमेटर की कहानी लिखिए।

11. जीवन की प्रतियोगिता में प्रायः पददलित लोग क्यों हार जाते हैं?